एक नजर में

दिगंबर जैन जैसवाल सोशल मंच का फाग महोत्सव

इंदौर. होली के अवसर पर दिगंबर जैन जैसवाल सोशल मंच द्वारा रंगारंग फाग महोत्सव का आयोजन बोड़ाना गार्डन, ग्रेटर बाबा परिसर, एरोड्रम रोड पर आयोजित किया गया. जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष राकेश जैन ने बताया कि इंदौर शहर के प्रसिद्ध भजन गायक दिनेश चौधरी जी व राधा कृष्ण जी की झांकी के द्वारा फाग भजनों का ऐसा समां बांधा गया कि मंच के प्रत्येक सदस्य झुमने व नाचने पर विवश हो गये. इस अवसर पर दो क्विंटल से ज्यादा फुलों से राधा कृष्ण के साथ होली खेली गई. मंच के सदयगण ने बरसाने की प्रसिद्ध लठ मार होली भी अपनी सखियों के साथ खेली. सबसे आकर्षक डांस करने वाले सदस्यों को प्रवीण दिपिका जैन, विशाल-शिवांगी के द्वारा पुरस्कृत किया गया. मंच के शैलेश जैन ने बताया कि मंच हर वर्ष फाग महोत्सव का आयोजन करता है इस वर्ष भी इस आयोजन में मंच के सदस्यों ने बड़े हर्ष के साथ सहभागिता प्रदान की. फाग महोत्सव का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के फोटो के सामने मंच के सभी पूर्व अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. मंच के सदस्यों के बच्चों ने मंगलाचरण नृत्य की प्रस्तुत दी, भजन गायक टीम का सम्मान मंच कार्यकारिणी के द्वार किया गया. कार्यक्रम का संचालन अंशुल जैन, श्वेता जैन सचिन जैन के द्वारा किए गया. आभार मंच सचिव ललित डोटीया ने माना.

श्मसान घाट पर चलाया सफाई अभियान

इंदौर. महाराष्ट्र भूषण डॉक्टर नाना साहेब धर्माधिकारी की जन्म शताब्दी के शुभ अवसर पर संपूर्ण भारत देश में सेवा संकल्प अभियान के तहत इंदौर शहर के सभी सेवकों द्वारा मालवा मिल शमशान घाट पर साफ सफाई अभियान का कार्य किया गया. संस्था के करीब 100 सदस्यों के द्वारा सफाई महा अभियान शुरू किया. श्मशान घाट की साफ सफाई देखकर क्षेत्रीय पार्षद गजानंद गावड़े ने प्रशंसा कर सभी सेवको को बधाई दी और प्रशंसा पत्र संस्था को दिया गया.

सामाजिक संस्थाओं ने बच्चों संग मनाई सार्थक होली

महू. नगर की सामाजिक संस्थाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंद बच्चों संग रंगों का महापर्व होली हर्षोल्लास के साथ मनाया. संस्था सामाजिक विचार मंच, रोटरी क्लब, उत्कर्ष सामाजिक उत्थान समिति और रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट के संयुक्त प्रयास से मांगलिया के ग्राम बोरखेड़ी में पहुंचकर संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों ने ग्रामीण बच्चों को पिचकारी, रंग-गुलाल, गुब्बारे, दूध और बिस्किट के पैकेट वितरित किए. संस्था के सभी सदस्यों द्वारा ग्रामीण बच्चों संग रंग और गुलाल खेलकर बच्चों को होली का महत्व भी बताया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय और एडवोकेट मनीष जायसवाल उपस्थित थे. विशेष अतिथि के रूप में डॉ. सुरेश चौहान, वीरेंद कोगे और बीरबल डाबर मौजूद रहे. अध्यक्षता शैलेन्द्र शुक्ला, रमेश राही और डॉ. योगिता जौहरी द्वारा की गई. इस अवसर पर अनिल नरवल, डॉ. लक्की खंडेलवाल, प्रदीप नीम, आशीष जैन, विजय परदेशी, अंजली श्रीवास्तव, संयम सिकरवार, विभु जायसवाल आकाश राठौर, प्रफुल्ल जौहरी आदि भी मौजूद थे. संचालन पायल परदेशी ने किया. आभार मनीष श्रीवास्तव ने व्यक्त किया.

इंदौर इंटरनेशनल ट्रेड फेयर का आयोजन 6 से

इंदौर. शहर में एक बार फिर व्यापार और संस्कृति का भव्य संगम होने जा रहा है. गुप्ता इवेंट मैनेजमेंट द्वारा आयोजित इंदौर इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2026 का आयोजन 6 से 16 मार्च तक लाभगंगा एग्जीबिशन सेंटर, इंदौर में किया जाएगा. इस वर्ष आधुनिक एसी पवेलियन तैयार किए गए हैं, ताकि प्रदर्शकों और आगंतुकों को आरामदायक अनुभव मिल सके. आयोजक सुजीत गुप्ता, वीर बहादुर सिंह, देव प्रजापति ने बताया कि ले में भारत के 22 राज्यों और 10 देशों की भागीदारी रहेगी. राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगेगी. प्रदर्शनी में कश्मीर से लेकर दक्षिण भारत तक का फर्नीचर, सोफा सेट, डाइनिंग सेट, हैंडीक्राफ्ट और हैंडलूम उत्पाद उपलब्ध रहेंगे. अफगानिस्तान के ड्राई फ्रूट्स, ईरान के खजूर, थाईलैंड की ज्वेलरी और फुटवियर, कोरियन लेडीज एक्सेसरीज़, एंटीक मेटल और स्टोन ज्वेलरी, दुबई के परिधान, सिंगापुर के विशेष वॉल फ्रेम्स सहित देश-विदेश के कई आकर्षक उत्पाद एक ही छत के नीचे देखने को मिलेंगे. इसके अलावा पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के लेदर प्रोडक्ट्स, खादी और कुर्तियां, भागलपुर की साड़ियां, जयपुर- के खास वस्त्र और संबलपुर के वस्त्र भी इस मेले की खास पहचान होंगे. ब्यूटी एक्सेसरीज़, इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटरनेशनल फूड स्टॉल्स भी आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण रहेंगे.

फतेहपुरिया समाज का फाग एवं म्यूजिकल तम्बोला

इंदौर. मल्हारगंज थाने के पास स्थित फतेहपुरिया समाज भवन पर रंगोत्सव के उपलक्ष्य में फाग एवं म्यूजिकल तम्बोला का रंगारंग आयोजन किया गया जिसमें समाज के करीब 450 महिला, पुरुषों एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया. होली और फाग गीतों से सजे म्यूजिकल तम्बोला की मस्ती में सभी उम्र के समाज बंधु डूबे रहे. इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों, कैलाश बिदासरिया, सीके अग्रवाल, देवकीनंदन सिंघानिया, बासु टिबडेवाल, हुकमचंद अग्रवाल, सज्जन गर्ग, सतीश चौधरी, मुरारीलाल पालडीवाल, प्रवीण मुरारका सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने सभी समाज बंधुओं का आत्मीय स्वागत किया और विजेताओं को पुरस्कृत किया. करीब 3 घंटे चले इस आयोजन में समाज के लगभग सभी सदस्य परिवारों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई.

नारी शक्ति अवार्ड से 51 महिलाएं होंगी सम्मानित

इंदौर. मीडियाकर्मियों की संस्था मालवा जर्नलिस्ट फोरम द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति अवार्ड का आयोजन किया जा रहा है. यह सम्मान समारोह 5 मार्च को शाम 5 बजे साउथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में संपन्न होगा. यह जानकारी देते हुए संस्था सचिव प्रवीण जोशी ने बताया कि समारोह में पत्रकारिता, साहित्य, कला, समाज सेवा, शिक्षा आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 51 महिलाओ को नारी शक्ति अवार्ड से नवाजा जायेगा. इस समारोह के अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, महिला बाल विकास मंत्री, सुश्री निर्मला भूरिया, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, सांसद शंकर लालवानी, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्रीमती सीमा अलावा, मोटिवेशनल स्पीकर श्रीमती टिम्सी राय, फिल्म अभिनेत्री सारिका दीक्षित, पर्यावरणविद् डॉ. एस एल गर्ग, शहर भाजपा उपाध्यक्ष श्रीमती दीप्ति सिंह हाड़ा, सुरेंद्र सिंह सोनगिरा एवं अविनाश कुमार होंगे.

जून माह तक पूरा होगा लवकुश चौराहे का लेवल-2 फ्लाईओवर

कलेक्टर ने किया निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. आज कलेक्टर ने उज्जैन रोड पर लवकुश चौराहे पर निर्माणाधीन डबल डेकर फ्लाई ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की जानकारी और काम पूरा होने तक सर्विस रोड की मरम्मत करने के निर्माण एजेंसी प्रतिनिधियों को निर्देश दिए. कलेक्टर को आईडीए सीईओ द्वारा जून तक निर्माण पूरा होने की जानकारी दी गई. शहर में यातायात को सुगम बनाने तथा आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए लवकुश चौराहे पर आईडीए द्वारा लेवल-2 फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है. उक्त ब्रिज की निर्माण लागत 180 करोड़ रुपए है. आज कलेक्टर शिवम वर्मा ने आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े के साथ निर्माण स्थल का दौरा कर निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज के कार्यों की समीक्षा की. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वर्मा ने निर्माण कार्य के चलते सर्विस लेन की तत्काल मरम्मत कर व्यवस्थित करने के संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए. साथ बचे कार्यों को समय-सीमा में पूरा करने के आदेश दिए.

जून महीने में पूरा हो जाएगा

इस दौरान आईडीए सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े ने बताया कि ब्रिज का निर्माण कार्य जून महीने में पूरा हो जाएगा. फ्लाई ओवर सिंहस्थ के दौरान यातायात दबाव को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

महापौर ने मास्टर प्लॉन सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

अटल द्वार से बैरवा समाज धर्मशाला तक सड़क रिपेयर करने के निर्देश

नव भारत न्यूज

इंदौर. सोमवार को अटल द्वार से वीर सावरकर प्रतिमा तक निर्माणाधीन सड़क का महापौर ने निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को अटल द्वार से बैरवा समाज धर्मशाला तक सड़क पेंचवर्क करने के निर्देश दिए.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा आज वीर सावरकर प्रतिमा से अटल गेट तक निर्माणाधीन मास्टर प्लान सड़क का दौरा किया गया. उक्त सड़क 1.31 किलोमीटर लंबी और 60 फीट चौड़ी बनेगी. सड़क की निर्माण लागत 10.76 करोड़ रुपए बताई जा रही है. महापौर भार्गव ने निर्माणाधीन मार्ग में बाधक अतिक्रमण एवं अन्य निर्माणों को जारी नोटिसों की समीक्षा की. अधिकारियों से कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए समयबद्ध कार्रवाई की योजना बना लें. उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग शहर के यातायात दबाव को कम करने में सहायक होगा. महापौर ने अटल द्वार से बैरवा समाज धर्मशाला तक सड़क पर यातायात असुविधा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने तक रिपेयर कार्य किया जाए, जिससे यातायात सुगम हो सके. इस दौरान जनकार्य प्रभारी राजेंद्र राठौर, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, सहायक यंत्री नरेश जायसवाल और विभाग के अधिकारी मौजूद थे.

सट्टा-जुआ के खिलाफ शहरभर में छापे, 12 आरोपी धरे गए

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की कार्रवाई

इंदौर. शहर में अवैध सट्टा और जुआ गतिविधियों पर पुलिस ने एक साथ कई स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से नकदी, सट्टा पर्चियां, डायरी, पेन और ताश के पत्ते बरामद किए हैं. सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है.

सबसे पहले बाणगंगा थाना क्षेत्र में सेक्टर ए पारले फैक्ट्री गार्डन के पास दो अलग-अलग कार्रवाई की गई. 44 वर्षीय मनोज कछवाह निवासी अंजनी नगर के पास से सट्टा अंक लिखी डायरी, तीन पर्चियां, एक पेन और 210 रुपये नकद जब्त किए. वहीं 40 वर्षीय पीयूष अजमेरिया निवासी लबारिया भेरू के कब्जे से भी डायरी, तीन सट्टा पर्चियां, पेन और 200 रुपये नकद बरामद हुए, दोनों के खिलाफ सट्टा एक्ट में प्रकरण दर्ज किया.

इसी थाना क्षेत्र में भारत लाइफ स्टाइल के पास मुन्नी बाई के बाड़े में गणेश, यशवंत और राजू को ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाते पकड़ा. पुलिस ने 52 ताश पत्ते और 580 रुपये नकद जब्त किए. वहीं जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में ब्रिज के नीचे 21 वर्षीय जतिन अठवाल को सट्टा लिखते पकड़ा. उसके पास से चार सट्टा पर्चियां, एक पेन और 460 रुपये नकद बरामद हुए. चंदननगर थाना क्षेत्र में जवाहर टेकरी स्थित साईं मंदिर के पास 33 वर्षीय वसीम शेख को सट्टा अंक लिखी दो पर्चियों, एक पेन और 190 रुपये नकदी के साथ पकड़ा.

एनएसयूआई ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

- महाविद्यालयों में बढ़ती हिंसा किया विरोध
- छात्रसंघ चुनाव शीघ्र कराने की मांग

नवभारत न्यूज

इंदौर. महाविद्यालयों में बढ़ती गुंडागर्दी की घटनाओं एवं मध्यप्रदेश में लंबित छात्रसंघ चुनाव शीघ्र कराने की मांग को लेकर सोमवार को एनएसयूआई इंदौर इकाई द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया.

प्रदेश महासचिव शुभम सिंह और जिला अध्यक्ष रजत सिंह पटेल के नेतृत्व में सौंपे गए. ज्ञापन में कॉलेज परिसर में हुई हालिया हिंसात्मक घटना के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया गया. संगठन ने आरोप लगाया कि छात्र राजनीति के नाम पर गुंडागर्दी और निर्दोष छात्रों पर हमला लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है. प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई.

एक्रोपोलिस कॉलेज की घटना पर जताई चिंता

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि हाल ही में एबीवीपी से जुड़े कुछ तत्वों द्वारा एक्रोपोलिस कॉलेज में एक छात्र के साथ कथित मारपीट की घटना निंदनीय है. आरोप है कि इस घटना से छात्र समुदाय में भय और असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न हुआ है. संगठन का कहना है कि विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में ऐसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जिससे शिक्षा का माहौल प्रभावित हो रहा है और विद्यार्थियों के अधिकारों का हनन हो रहा है.

प्रमुख मांगें...

घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए. सभी महाविद्यालयों में छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित कर कैंपस में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु ठोस कदम उठाए जाएं. मध्यप्रदेश में लंबे समय से लंबित छात्रसंघ चुनाव शीघ्र कराए जाएं. कॉलेज परिसरों में राजनीतिक हिंसा और दबाव की राजनीति पर पूर्णतः रोक लगाई जाए. ज्ञापन में कहा गया कि छात्रसंघ चुनाव लोकतंत्र की पहली पाठशाला होते हैं और विद्यार्थियों को उनका लोकतांत्रिक अधिकार मिलना चाहिए.

इंदौर स्थापना दिवस पर शहर के प्रथम शासक की छत्रियों पर समर्पित की पुष्पांजलि

इंदौर. इंदौर स्थापना दिवस समारोह समिति के तत्वावधान में सोमवार को सुबह शहर के प्रथम शासक राव राजा राव नन्दलाल मंडलोई एवं अन्य शासकों की छत्रियों का सौल्लास पूजन किया गया.

समिति के प्रमुख और मंडलोई परिवार के वंशज युवराज वरदराज मंडलोई सहित परिवार के अनेक सदस्यों और स्नेहीजनों ने पहले चंपाबाग और फिर दौलतगंज पहुंचकर वहां स्थित छत्रियों पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा अर्चना कर बड़ा रावला के सामने स्थित चिन्ताहरण गणेश मंदिर में शहर में शांति, सद्भाव एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना की. बड़ा रावला में उनकी परम्परागत गादी की पूजा भी की गई. मंडलोई परिवार ने होली के शुभ प्रसंग पर नागरिकों को बधाई और शुभकामनाएँ भी समर्पित की. इस अवसर पर जूनी इंदौर स्थित बड़ा रावला पैलेस से मंडलोई परिवार के वंशज राव राजा श्रीकांत मंडलोई, रानी साहिबा माधवी मंडलोई, युवराज वरदराज मंडलोई, राजाबाई श्रिया मंडलोई जमींदार एवं सुभाष व्यास और हेमेन्द्र पाठक सहित अनेक स्नेहीजनों ने शहर के विकास में मंडलोई परिवार के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि 3 मार्च 1716 को इंदौर के व्यापार को कर मुक्त बनाने के लिए राव राजा राव नंदलाल मंडलोई ने न केवल तत्कालीन रियासतों के राजाओं से संधि की बल्कि देश में सबसे पहले इंदौर के नन्दलाल पुरा के व्यापार को टेक्स फ्री ज़ोन बनाने का श्रेय भी उनके ही खाते में जाता है. तब नन्दलाल पुरा ही पूरे परगने के कारोबार का मुख्य केंद्र था और इसे बसाने के लिए राजा ने आसपास के अनेक छोटे-बड़े व्यापारियों को भी इंदौर आकर कारोबार करने का न्योता दिया था. जयपुर का विकास सन 1730 में प्रारंभ हुआ जबकि इंदौर का सन 1703 में ही राजधानी बनने के साथ ही शुरू हो गया था.

आज रंगारंग आतिशबाजी

युवराज वरदराज मंडलोई ने इंदौर स्थापना के 310 वर्ष होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को शाम 7 बजे जूनी इंदौर स्थित बड़ा रावला परिसर में रंगारंग आतिशबाजी का कार्यक्रम आयोजित किया है. उन्होंने कहा कि पूरे देश में जिस रफ़्तार से इंदौर में कारोबार के क्षेत्र में प्रगति हो रही है, उसे देखते हुए इस बात की प्रसन्नता होना स्वाभाविक है कि इसकी शुरुआत 310 वर्ष पूर्व मंडलोई परिवार के शासकों ने की थी.

कीर्तनकारों ने दी सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां

नाथ मंदिर पर महोत्सव का शुभारंभ

इंदौर. साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान में सोमवार को सुबह काकडा आरती, सामूहिक ग्रन्थपाठ एवं योगाभ्यानंद माधवनाथ महाराज के रुद्राभिषेक के साथ उनके 90वें पुण्यतिथि महोत्सव का शुभारंभ हुआ. शाम को टिटवाला, महाराष्ट्र की प्रसिद्ध कीर्तनकार ह.भ.प. ज्ञानदा बुरसे पंडित और उनकी टीम ने गणेश स्तवन के साथ ही गणेशजी के विभिन्न नामों की सुंदर व्याख्या कर अपने मनोहारी संकीर्तनों से पहले दिन ही भक्तों को पूरे समय आल्हादित बनाए रखा. महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस महोत्सव में शामिल होने आए हैं.

श्रीनाथ मंदिर संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष, पूर्व राज्यपाल एवं न्यायमूर्ति वीएस कोकजे ने बताया कि महोत्सव में 9 मार्च तक प्रतिदिन सुबह के सत्र में सामूहिक ग्रन्थ पाठ एवं महाराजश्री का रुद्राभिषेक तथा में अनेक प्रख्यात भजन एवं कीर्तन मंडलों के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे. महोत्सव में देशभर के श्रद्धालु आएँगे. प्रतिदिन शाम 6 बजे से ज्ञानदा पंडित के मनोहारी संकीर्तन होंगे. तबले पर आदित्य लेले एवं हारमोनियम पर राजेंद्र जोशी संगत करेंगे. हर दिन भजन संकीर्तन की नई-नई प्रस्तुतियां होंगी. सोमवार को दोपहर के सत्र में स्वरचित भजन मंडल की बहनों ने अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर भक्तों को बांधे रखा.

विशेष सांस्कृतिक संध्या

8 मार्च को सांय 7.30 बजे ओंकार स्वरूपा कार्यक्रम के तहत प्रख्यात गायक एवं संगीतकार श्रीधर फड़के और शिल्पा पुणताम्बेकर अपने भावगीत, भक्ति गीत एवं अभंगों की प्रस्तुतियां देंगे. अध्यक्ष श्री कोकजे ने सभी श्रद्धालुओं से इस पावन प्रसंग पर आयोजित कार्यक्रमों में सपरिवार उपस्थिति का आग्रह किया है.

प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन, टिकाऊ कृषि पर हुआ मंथन

इंदौर. कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार के राष्ट्रीय जैविक और प्राकृतिक कृषि केंद्र ने किसानों, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाकर देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का गाजियाबाद में हुआ.

कार्यक्रम में देशभर से आए कृषि वैज्ञानिकों, नीति-निर्माताओं, प्रगतिशील किसानों तथा कृषि विद्यार्थियों ने भाग लिया. मध्य प्रदेश के इंदौर की प्राकृतिक कृषि विशेषज्ञ डॉ. अनुराधा शर्मा ने कहा कि देश को टिकाऊ और विज्ञान समर्थित कृषि पद्धतियों की ओर बढ़ना है. प्राकृतिक खेती केवल पारंपरिक पद्धति नहीं, बल्कि कई वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित टिकाऊ कृषि प्रणाली है। मिट्टी का सूक्ष्म जीवन विज्ञान पर आधारित प्राकृतिक कृषि विज्ञान-सम्मत मानी जाती है. उन्होंने कहा कि

प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने में सहायक है, बल्कि इससे उत्पादन लागत घटती है. कृत्रिम रसायनों के माध्यम से की जाने वाली खेती के नुकसानों को सब जान चुके है. मिट्टी की सेहत को सुधार कर ही पर्यावरण और स्वास्थ्यगत नुकसानों से बचा जा सकता है. संगोष्ठी में मध्य प्रदेश के ताराचंद बेलजी ने वृक्षायुर्वेद के परिणाम पर अपने विचार रखें.

एक नजर में

माहेश्वरी कुटुम्ब का फाग महोत्सव, वृन्दावन के 24 कलाकारों ने बांधे रखा दर्शकों को

तोप से फूलों की वर्षा के बीच गीत, नृत्य की प्रस्तुतियां

इंदौर. संस्था माहेश्वरी कुटुम्ब की मेजबानी में स्कीम 71 स्थित अक्षत गार्डन पर वृन्दावन की अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बृज राधा रमण टोली के 24 महिला-पुरुष कलाकारों ने अपने गीत, संगीत, नृत्य और हास्य सहित इन्द्रधनुषी प्रस्तुतियों से हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध बनाए रखा.

महिला-पुरुषों ने भी अलग-अलग समूहों में भजनों पर कलाकारों के साथ नृत्य किए। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख शारदा प्रकाश अजमेरा और उनकी टीम ने गार्डन पर आधा दर्जन मिसाइलों से 100 फीट दूरी तक मार करने वाली सुगन्धित फूलों की वर्षा और उसके पूर्व गुलाबी साफे बांधकर मेहमानों का आत्मीय स्वागत किया. उत्सव में विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, पार्षद जीतू राठोड, समाजसेवी हरीश विजयवर्गीय, माहेश्वरी समाज के प्रमुख बंधु भी विशेष रूप से उपस्थित रहे. माहेश्वरी कुटुम्ब की ओर से इस मौके पर आशीष बाहेती, पुष्प माहेश्वरी, मनोज छापरवाल, श्याम भांगडिया, सत्यनारायण मंत्री, अशोक इनानी एवं रुपेश भूतड़ा ने अतिथियों की अगवानी की.

पानी और रंगों से मुक्त रहा आयोजन

मेहमानों को स्मृति चिन्ह घनश्याम काकाणी, रजत बेडिया, मोहन सोमानी, गोपाल राठी, कैलाश जाजू आदि ने भेंट किए. महोत्सव को पानी एवं रंगों से पूरी तरह मुक्त रखा गया था। करीब 4 घंटे चले इस महोत्सव में हजारों दर्शकों ने नाचते-गाते-झूमते हुए फाग गीतों का आनंद लिया. अंत में शारदा प्रकाश अजमेरा ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया।